भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

01.04.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 6024 का उत्तर

हाई स्पीड ट्रेनों की शुरुआत

6024. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान जोड़े गए कुल रेल मार्ग का किलोमीटर में ब्यौरा क्या है;

(ख) रेलपथ के विद्युतीकरण कार्यों की प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ग) शुरू की गई सेमी-हाई-स्पीड रेलगाड़ियों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(घ) आधुनिकीकरण पर किए गए पूंजीगत व्यय का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): पिछले 11 वर्षों के दौरान भारतीय रेल द्वारा रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए गए हैं। भारतीय रेल में नए रेलपथ की कमीशनिंग/बिछाने का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

अवधि	कमीशन किए गए नए रेलपथ	नए रेलपथों की औसत कमीशनिंग
2009-14	7,599 कि.मी.	4.2 कि.मी. प्रतिदिन
2014-25	34,428 कि.मी.	8.6 कि.मी. प्रतिदिन (2 गुना से अधिक)

स्वीकृत परियोजनाएं

दिनांक 01.04.2025 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में लगभग 6.75 लाख करोड़ रुपए की लागत पर 35,966 कि.मी. कुल लंबाई की 431 रेल अवसंरचना परियोजनाएँ (154 नई लाइन, 33 आमान परिवर्तन और 244 दोहरीकरण) को स्वीकृति दी गई है। इनका सारांश इस प्रकार है:-

कोटि	परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई नई लाइन/ आमान परिवर्तन/ दोहरीकरण (कि.मी.)	मार्च 2025 तक कमीशन की गई लंबाई (कि.मी.)	मार्च 2025 तक किया गया कुल व्यय (करोड़ रु. में)
नई लाइन	154	16,142	3,036	1,45,318
आमान परिवर्तन	33	4,180	2,997	22,753
दोहरीकरण/बहुपथन	244	15,644	6,736	1,22,858
कुल	431	35,966	12,769	2,90,929

सभी रेलवे परियोजनाओं का क्षेत्रवार/वर्षवार विवरण भारतीय रेलवे की वेबसाइट पर सार्वजनिक रुप से उपलब्ध कराया गया है।

हाल ही में पूरी की गई कुछ परियोजनाएं इस प्रकार हैं:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लंबाई (कि.मी. में)
1	उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला नई लाइन	272
2	भैरबी - सायरंग नई लाइन	51
3	देवबंद - रुड़की नई लाइन	27
4	चुरू - रतनगढ़ दोहरीकरण	43
5	टोरी-शिवपुर तीसरी लाइन	44

6	अररिया - गलगलिया नई लाइन	110
7	हिम्मतनगर - खेड़ब्रह्मा आमान परिवर्तन	55
8	बहराइच-नानपारा-नेपालगंज आमान परिवर्तन	56
9	डोमिंगगढ़-गोरखपुर-कुसमी तीसरी लाइन गोरखपुर-नकहा दोहरीकरण	21
10	विजापुर - आंबालियासण आमान परिवर्तन	43
11	पुणे-मिराज-लोंडा दोहरीकरण	467
12	मनमाड - जलगांव तीसरी लाइन	160
13	फेफना-इन्दरा-मऊ -शाहगंज दोहरीकरण	150
14	अदराज - मोती - विजापुर आमान परिवर्तन	40
15	कटनी - बीना तीसरी लाइन	279
16	गांधीधाम- आदिपुर चौथी लाइन	21
17	खाटूवास - नारनौल दोहरीकरण	24
18	पेनुकोंडा- धर्मावरम दोहरीकरण	42

पिछले तीन वर्षों के दौरान वित्त वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 और चालू वित्त वर्ष 2025-26 में, भारतीय रेल में 13,968 किलोमीटर कुल लंबाई की 306 परियोजनाओं (53 नई लाइन, 17 आमान परिवर्तन और 236 दोहरीकरण) को स्वीकृति दी गई है।

स्वीकृत कुछ प्रमुख परियोजनाएं इस प्रकार हैं:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)
1	चोपन-चुनार दोहरीकरण (102 कि.मी.)	1,553
2	गुंटूर - बीबीनगर दोहरीकरण (239 कि.मी.)	3,238
3	मुदखेड़ - मेडचल और महबूबनगर - धोने दोहरीकरण (418 कि.मी.)	5,655

4	समखियाली - गांधीधाम चौहरीकरण (53 कि.मी.)	1,571
5	मेड़ता सिटी - रास और मेड़ता रोड नई लाइन पर बाइपास (56 कि.मी.)	1,038
6	लामडिंग - फरकाटिंग दोहरीकरण(140 कि.मी.)	2,334
7	अजमेर- चंदेरिया दोहरीकरण(178 कि.मी.)	1,813
8	मोटुमारी - विष्णुपुरम रोड दोहरीकरण के साथ (100 कि.मी.)	1,746
9	गंगा नदी पर नए पुल के साथ बिक्रमशिला - कटरिया नई लाइन (26 किलोमीटर)	2,549
10	गुनुपुर - थेरुबली नई लाइन (74 कि.मी.)	1,326
11	मलकानगिरी - पांडुरंगपुरम नई लाइन (174 कि.मी.)	4,109
12	बादामपहाड़ - केंदुझारगढ़ नई लाइन (82 कि.मी.)	2,106
13	जूनागढ़ - नबरंगपुर नई लाइन (116 कि.मी.)	3,274
14	बुरामारा - चाकुलिया नई लाइन (60 कि.मी.)	1,639
15	जालना-जलगांव नई लाइन (174 कि.मी.)	7,105
16	बांगरीपोसी - गोरुमाहिसानी नई लाइन (86 कि.मी.)	2,549
17	चांडिल - अनारा - दामोदर तीसरी लाइन (121 कि.मी.)	2,170
18	बरगढ़ रोड - नवापारा रोड नई लाइन (138 कि.मी.)	2,926
19	सरडेगा - भालूमुड़ा नई दोहरी लाइन (37 कि.मी.)	1,360
20	गंगा नदी पर रेल सह सड़क पुल के साथ वाराणसी - पं. दीन दयाल उपाध्याय बहुपथन (15 कि.मी.)	2,642
21	जलगाँव - मनमाड चौथी लाइन (160 कि.मी.)	2,773
22	भुसावल - खंडवा तीसरी और चौथी लाइन (131 कि.मी.)	3,514
23	संबलपुर - जरापाड़ा तीसरी और चौथी लाइन (127 कि.मी.)	3,916
24	झारसुगुड़ा - सासन तीसरी और चौथी लाइन (35 कि.मी.)	1,181

25	गोंदिया - बल्लारशाह दोहरीकरण (240 कि.मी.)	4,819
26	खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा पांचवीं और छठी लाइन (278 कि.मी.)	8,741
27	वर्धा - बल्हारशाह चौहरीकरण (135 कि.मी.)	2,381
28	बल्लारी - चिकजाजुरदोहरीकरण (185 कि.मी.)	3,342
29	कोडरमा - बरकाकाना दोहरीकरण (133 कि.मी.)	3,063
30	इटारसी - नागपुर चौथी लाइन (297 कि.मी.)	5,451
31	डांगोआपोसी - जारोली तीसरी और चौथी लाइन (43 कि.मी.)	1,752
32	सिकंदराबाद - वाडी तीसरी और चौथी लाइन (173 कि.मी.)	5,012
33	फरकाटिंग - न्यू तिनसुकिया दोहरीकरण (194 कि.मी.)	3,634
34	बख्तियारपुर - राजगीर - तिलैया दोहरीकरण (104 कि.मी.)	2,192
35	गोंदिया - डोंगरगढ़ चौथी लाइन (84 किलोमीटर)	2,223
36	वर्धा - भुसावल तीसरी और चौथी लाइन (314 कि.मी.)	9,197
37	होसपेटे - बेल्लारी चौहरीकरण (65 कि.मी.)	2,372
38	कसारा - मनमाड तीसरी और चौथी लाइन (131 कि.मी.)	10,154
39	पुनारख - किऊल तीसरी और चौथी लाइन (50 कि.मी.)	2,668
40	गम्हरिया - चांडिल तीसरी और चौथी लाइन (55 कि.मी.)	1,168
41	सैंथिया- पाखुर चौथी लाइन (81 कि.मी.)	1,569
42	संतरागाछी- खड़गपुर चौथी लाइन (111 कि.मी.)	2,905
43	नेरगुंडी - बारंग और खोरधा रोड - विजियानगरम तीसरी लाइन (385 कि.मी.)	5,618
44	सोन नगर - अण्डाल बहुपथन (375 कि.मी.)	13,606
45	गोरखपुर कैंट - वाल्मीकि नगर दोहरीकरण (96 कि.मी.)	1,270
46	जयपुर - सवाई माधोपुर दोहरीकरण (131 कि.मी.)	1,269

47	लूनी - समदड़ी - भीलड़ी दोहरीकरण (272 कि.मी.)	3,531
48	नरकटियागंज - रक्सौल - सीतामढ़ी - दरभंगा और सीतामढ़ी - मुजफ्फरपुर दोहरीकरण (256 कि.मी.)	4,553
49	प्रयागराज (इरादतगंज) - मानिकपुर तीसरी लाइन (84 कि.मी.)	1,640
50	तिरुपति - पकाला - काटपाडी दोहरीकरण(104 कि.मी.)	1,332
51	रतलाम - नागदा तीसरी और चौथी लाइन (41 कि.मी.)	1,018
52	अलुआबारी रोड - न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन (57 कि.मी.)	1,786
53	औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) - परभणी (177 कि.मी.)	2,179
54	भागलपुर - दुमका - रामपुरहाट दोहरीकरण (177 कि.मी.)	3,169
55	इटारसी - बीना चौथी लाइन (237 कि.मी.)	4,329
56	वडोदरा - रतलाम तीसरी और चौथी लाइन (259 कि.मी.)	8,885
57	देवभूमि द्वारका (ओखा) - कनालुस दोहरीकरण (141 कि.मी.)	1,457
58	बदलापुर - कर्जत तीसरी और चौथी लाइन (32 कि.मी.)	1,324
59	दिल्ली - अंबाला कैंट तीसरी और चौथी लाइन (194 कि.मी.)	5,983
60	गोंदिया-जबलपुर दोहरीकरण (231 कि.मी.)	5,236
61	मनमाड-इंदौर नई लाइन (360 कि.मी.)	18,529
62	एर्रुपलेम - अमरावती - नम्बूर नई लाइन (57 कि.मी.)	2,245
63	वधावन पोर्ट और न्यू पालघर स्टेशन नई दोहरी लाइन (22 कि.मी.)	1,507
64	देशलपार - हाजीपीर - लूना और वायोर - लखपत नई लाइन (145 कि.मी.)	2,526

रेल विद्युतीकरण:

भारतीय रेल में रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण मिशन मोड में शुरू किया गया है। अब तक, बड़ी लाइन नेटवर्क का लगभग 99.4% विद्युतीकृत किया जा चुका है। शेष नेटवर्क में विद्युतीकरण कार्य शुरू हो गया है। वर्ष 2014-25 के दौरान और वर्ष 2014 से पहले किए गए विद्युतीकरण का ब्यौरा निम्नानुसार है:

अवधि	मार्ग किलोमीटर
2014 से पहले (लगभग 60 वर्ष)	21,801
2014-2025	46,900

भारतीय रेल द्वारा समाज के सभी वर्गों को किफायती, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। यात्रियों के अनुभव में सुधार लाने के दृष्टिकोण से, भारतीय रेल ने स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और विनिर्मित की गई वंदे भारत (स्लीपर और चेयर कार) अमृत भारत, नमो भारत रैपिड रेल गाड़ी सेवाएं शुरू की हैं, जिनमें आधुनिक सवारी डिब्बे, उन्नत संरक्षा विशेषताएं और यात्री सुविधाएं शामिल हैं।

वंदे भारत स्लीपर गाड़ी सेवाएं:

लंबी दूरी की यात्रा के लिए, वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वेरिएंट को स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। इस प्रकार की दो रेलगाड़ियों का पहले ही विनिर्माण किया जा चुका है। व्यापक परीक्षणों के बाद इन रेलगाड़ियों को भारतीय रेल में शुरू किया गया है। पहली वंदे भारत स्लीपर गाड़ी सेवा अर्थात 27575/27576 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस का नियमित परिचालन दिनांक 22.01.2026 से शुरू कर दिया गया है।

दिनांक 25.03.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर निम्नलिखित 02 वंदे भारत गाड़ी सेवाएं (स्लीपर कार) परिचालित की जा रही हैं:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	27575/27576 हावड़ा- कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस

वंदे भारत गाड़ी सेवाएं (चेयर कार):

यात्रियों के यात्रा अनुभव के दृष्टिकोण से, भारतीय रेल द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विनिर्मित वंदे भारत गाड़ियों में आधुनिक सवारी डिब्बों, उन्नत संरक्षा सुविधाओं और यात्री सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

25.03.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर 81 जोड़ी वंदे भारत गाड़ी सेवाएं (चेयर कार) परिचालित की जा रही हैं, उनकी सूची निम्नानुसार हैं:-

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	22435/22436 नई दिल्ली - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
2	22439/22440 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20901/20902 गांधीनगर कैपिटल - मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
4	22447/22448 अंब अंदौरा - नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
5	20607/20608 मैसूरु - एमजीआर चेन्नै सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
6	20825/20826 नागपुर - बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
7	22301/22302 न्यू जलपाईगुड़ी - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
8	20833/20834 सिकंदराबाद - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
9	22223/22224 साईंनगर शिरडी - छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
10	22225/22226 सोलापुर - छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
11	20171/20172 निज़ामुद्दीन - रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस

12	20701/20702 तिरुपति - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
13	20643/20644 कोयंबटूर - चेन्नै वंदे भारत एक्सप्रेस
14	20977/20978 चंडीगढ़ - अजमेर वंदे भारत एक्सप्रेस
15	20633/20634 तिरुवनंतपुरम- कासरगोड वंदे भारत एक्सप्रेस
16	22895/22896 पुरी - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
17	22457/22458 देहरादून - आनंद विहार वंदे भारत एक्सप्रेस
18	22227/22228 गुवाहाटी - न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस
19	20911/20912 नागपुर - इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस
20	22229/22230 मडगांव - छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
21	22349/22350 रांची - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
22	20661/20662 धारवाड़ - बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
23	20173/20174 रीवा - रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस
24	22549/22550 गोरखपुर - प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस
25	12461/12462 साबरमती - जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
26	22925/22926 ओखा - अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
27	20665/20666 तिरुनेलवेली - चेन्नै एगुंबूर वंदे भारत एक्सप्रेस
28	20677/20678 नरसापुर - चेन्नै वंदे भारत एक्सप्रेस
29	20703/20704 यशवंतपुर - काचीगुडा वंदे भारत एक्सप्रेस
30	20631/20632 तिरुवनंतपुरम- मंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
31	26963/26964 उदयपुर - असरवा वंदे भारत एक्सप्रेस
32	22347/22348 पटना - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
33	20835/20836 पुरी - राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस
34	20897/20898 रांची - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
35	22415/22416 नई दिल्ली - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस

36	20641/20642 कोयंबत्तूर - बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
37	20645/20646 मंगलुरु - मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस
38	20705/20706 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) - नांदेड़ वंदे भारत एक्सप्रेस
39	22477/22478 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
40	22425/22426 आनंद विहार - अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
41	22487/22488 अमृतसर - दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
42	22962/22961 मुंबई सेंट्रल - अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
43	20707/20708 विशाखपट्टणम - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
44	20663/20664 चेन्नै - मैसूरू वंदे भारत एक्सप्रेस
45	22233/22234 पटना - न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस
46	22470/22469 खजुराहो - निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस
47	22231/22232 बेंगलुरु - कलबुर्गी वंदे भारत एक्सप्रेस
48	20841/20842 विशाखपट्टणम - भुवनेश्वर वंदे भारत एक्सप्रेस
49	22345/22346 गोमती नगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
50	20887/20888 वाराणसी - रांची वंदे भारत एक्सप्रेस
51	22545/22546 देहरादून - लखनऊ जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस
52	22490/22489 वाराणसी - मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस
53	20627/20628 नागरकोविल - चेन्नै एषुंबूर वंदे भारत एक्सप्रेस
54	20671/20672 बेंगलुरु कैंट - मदुरै वंदे भारत एक्सप्रेस
55	22500/22499 देवघर - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
56	22309/22310 जमालपुर - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
57	20871/20872 राउरकेला - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
58	20893/20894 पटना - टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस
59	20892/20891 टाटानगर - ब्रह्मपुर वंदे भारत एक्सप्रेस

60	22303/22304 गया - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
61	20669/20670 पुणे - हुब्बली वंदे भारत एक्सप्रेस
62	20673/20674 पुणे - छत्रपति शाहू महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
63	20101/20102 सिकंदराबाद - नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
64	20829/20830 विशाखपट्टणम - दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस
65	21893/21894 पटना - टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस
66	21895/21896 पटना - टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस
67	20176/20175 बनारस - आगरा कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
68	26901/26902 वेरावल - साबरमती वंदे भारत एक्सप्रेस
69	26401/26402 श्रीनगर - श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस
70	26403/26404 श्रीनगर - श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस
71	26502/26501 पाटलिपुत्र - गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
72	26751/26752 केएसआर बेंगलुरु - बेलगावी वंदे भारत एक्सप्रेस
73	26406/26405 अमृतसर - श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस
74	26101/26102 पुणे - अजनी वंदे भारत एक्सप्रेस
75	26302/26301 जोगबनी - दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
76	26481/26482 दिल्ली कैंट - जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
77	26471/26472 दिल्ली कैंट - बीकानेर वंदे भारत एक्सप्रेस
78	26462/26461 दिल्ली - फिरोजपुर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
79	26651/26652 एर्णाकुलम - केएसआर बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
80	26506/26505 खजुराहो - बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस
81	26504/26503 सहारनपुर - गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर वंदे भारत गाड़ी सेवाओं सहित नई गाड़ियों को शुरू करना, मौजूदा गाड़ी सेवाओं का प्रतिस्थापन/समाप्ति एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जिनमें निम्नानुसार शामिल हैं:

- संबंधित रेलखंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए सुमेलित अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता
- संबंधित खंड की अधिभोगिता और यातायात आवश्यकता

स्टेशन पुनर्विकास

रेल मंत्रालय द्वारा दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है।

इस योजना में रेलवे स्टेशनों को बेहतर बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और उनका चरणबद्ध कार्यान्वयन करना शामिल हैं। मास्टर प्लान बनाने में निम्नलिखित शामिल हैं:

- रेलवे स्टेशन और परिचलन क्षेत्रों तक पहुँच में सुधार
- रेलवे स्टेशन का शहर के दोनों भागों के साथ एकीकरण
- स्टेशन भवन में सुधार
- प्रतीक्षालय, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, पेयजल बूथों में सुधार
- यात्री यातायात के अनुरूप चौड़े ऊपरी पैदल पुल/एयर कॉन्कोर्स का प्रावधान
- लिफ्ट/स्वचालित सीढ़ी/रैम्प का प्रावधान
- प्लेटफ़ॉर्म की सतह में सुधार/सतह का निर्माण और प्लेटफ़ॉर्म पर कवर का प्रावधान
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क का प्रावधान
- पार्किंग क्षेत्र, यातायात के विभिन्न साधनों के साथ एकीकरण
- दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएँ

- बेहतर यात्री सूचना प्रणाली
- प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर आवश्यकता को देखते हुए एक्ज़ीक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए निर्दिष्ट स्थान, भूसुदर्शनीकरण आदि का प्रावधान।

इस योजना में आवश्यकतानुसार, चरणबद्ध एवं व्यवहार्य रूप से दीर्घकालिक और पर्यावरण अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित रेलपथ का प्रावधान आदि तथा दीर्घावधि में स्टेशन पर सिटी सेंटर के निर्माण की परिकल्पना भी की गई है।

<u>पूर्ण किए गए स्टेशन:</u>

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अब तक 1,338 स्टेशनों की पहचान की गई है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों पर विकास कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं। अब तक 208 स्टेशनों पर कार्य पूरा हो चुका है। अब तक पूरे हुए स्टेशनों के नाम निम्नलिखित हैं: ऐशबाग जं., अलनावर, अंब अंदौरा, अंबिकापुर, आमगांव, आनंदपुर साहिब, अनारा, कालडि के लिए अंगमालि, अयोध्या धाम जं., बादामी, बागलकोट, बहेड़ी, बैजनाथ पपरोला, बालाघाट, बलरामपुर, बंतावाला, बाराभूम, बारामती, बरेली सिटी, बारीपदा, बाड़मेर, बरपाली, बेगमपेट, बेओहारी, भानुप्रतापपुर, भिलाई, भिंड, बिजनौर, बिमलगढ़, बोम्मिडी, बूंदी, भायखला, चालक्कुडि, चांदा फोर्ट, चंगनास्सरी, चेन्नै पार्क, छिंदवाड़ा, चिदंबरम, चिंचपोकली, चिन्नसेलम, चिरयिनकीझ, चुनार जं., कुन्नूर, कंबम, कटक, डाकोर, दौसा, डीग, डेरोल, देशनोक, देवलाली, धामपुर, धारवाड़, धुले, डोंगरगढ़, एलूरू, फतेहाबाद, फतेहपुर, फतेहपुर शेखावाटी, फरोक, गडग, गंगापुर सिटी, गोड्डा, गोधरा जंक्शन, गोगामेरी, गोकक रोड, गोला गोकर्णनाथ, गोमती नगर, गोवर्धन, गोविंदगढ़, गोविंदपुर रोड, गोविंदपुरी, हाफिजपेटा, हैबरगांव, हल्दिया, हल्दीबाड़ी, हापा, हरपालपुर, हाथरस सिटी, हाई-टेक सिटी, हिमायतनगर, होडल, ईदगाह आगरा जंक्शन, इज्जतनगर, जैसलमेर, जाम जोधपुर, जाम वनथली, जयचण्डी पहाड़ जं., जुन्नार देव, काकीनाडा टाउन जं., कल्याणी घोषपारा, कामाख्यागुड़ी, कनालुस जंक्शन, कराईकुडी जंक्शन, करमसद, करीमनगर, कटनी साउथ, केडगांव, केसिंगा, खैरथल, खलीलाबाद, खंभालिया, कोप्पल, कोसंबा जंक्शन,

कुलित्तुरई, कुट्टीपुरम, लासलगांव, लिंबडी, लोहरदगा, लोणंद जंक्शन, मधुपुर जं., माहे, महुवा, मैलानी जं., मांबलम, मणप्पारै, मंडल गढ़, मंडावर महवा रोड, मंडी डबवाली, मंगलागिरी, मन्नारगुडी, माटुंगा, एम.सी.एस छतरपुर, मीठापुर, मोरप्पुर, मोरबी, मुक्तसर, मुनिराबाद, मूरी जंक्शन, मुर्तिजापुर जंक्शन, नैनपुर जंक्शन, नामक्कल, नंदुरा, नर्मदापुरम, नरवाना जं., नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन, निडदवोलु जंक्शन, निलांबूर रोड, ओखा, ओरछा, पालिताना, पानागढ़, पनकी धाम, परप्पनंगाडि, परेल, परलाखेमुंडी, पीरपैंती, पिस्का, पुखरायां, पोल्लाच्चि जंक्शन, पोलूर, पोरबंदर, राजगढ़, राजमहल, राजुला जंक्शन, रामगुंडम, रामघाट हॉल्ट, रायनपाडु, सबौर, सहारनपुर जंक्शन, साहिबगंज, साहिबजादा अजीत सिंह नगर मोहाली, साहेबगंज, समखियाली, समलपट्टी, सांची, शंकरपुर, सरोना, सावदा, सिवनी, शहद, शाजापुर, शिवनारायणपुर, शोलावंदन, षोरणूर जंक्शन, श्रीधाम, सिद्धार्थ नगर, सिहोर जंक्शन, सिमुलतला, सिउरी, सोमेश्वर, श्री बाला ब्रह्मेश्वर जोगुलम्बा, श्रीरंगम, श्रीविल्लिपुत्तूर, सेंट थॉमस माउंट, सुल्लुरपेटा, सुरेमनपुर, स्वामीनारायण छपिया, तालचेर, तामलुक, टनकपुर, तलश्शेरी, थावे, तिरुवारूर जंक्शन, तिरुवण्णामलै, तृप्पुणित्तुरा, तुनी, उदगमण्डलम, उझानी, उरकुरा, उत्राण, वडकारा, वडाला रोड, विदिशा, विन्धयाचल, वृद्धाचलम जंक्शन, वडक्कांचेरि, वारंगल।

अन्य रेलवे स्टेशनों पर भी विकास संबंधी कार्य तीव्र गति से शुरू किए गए हैं और इनमें से कुछ रेलवे स्टेशनों की प्रगति नीचे दी गई है:

- तिरुपति रेलवे स्टेशन: दक्षिण दिशा में नया द्वितीय प्रवेश स्टेशन भवन, 2 अदद एयर कॉनकोर्स और सीवेज ट्रीटमेंट संयत्र के संरचनात्मक कार्य पूरे हो गए हैं। दक्षिण दिशा में नया द्वितीय प्रवेश स्टेशन भवन और एयर कॉनकोर्स, उत्तर दिशा में स्टेशन भवन का संरचनात्मक कार्य, प्लेटफ़ॉर्म शेल्टर, लिफ्ट और एस्केलेटर के कार्य शुरू किए गए हैं।
- नेल्लूर स्टेशन: पूर्व और पश्चिम दोनों तरफ की स्टेशन इमारतों के संरचनात्मक कार्य, ईंट संबंधी और प्लास्टर कार्य पूरे हो गए हैं। पूर्व और पश्चिम दोनों तरफ के स्टेशन भवन और एयर कॉनकोर्स का फिनिशिंग कार्य, सबवे विस्तार, पार्किंग, पानी की टंकियों और सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्र के कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

- **बैंगलोर कैंटोंमेंट स्टेशन: दक्षिण की ओर डायवर्जन रोड, प्रशिक्षण केंद्र, उत्तर की ओर छात्रावास, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन भवन के कार्य पूरे हो गए हैं। दक्षिण दिशा की ओर का स्टेशन भवन, उत्तर दिशा की ओर का स्टेशन भवन, परिचलन क्षेत्र और पैदल पार पुल के कार्य शुरू कर दिए गए हैं।**
- **कोटा जंक्शन स्टेशन: अग्रभाग का प्रस्थान हॉल, अग्रभाग का आगमन हॉल, पीछे की ओर स्टेशन बिल्डिंग के संरचनात्मक कार्य पूरे गए हैं। अग्रभाग का प्रस्थान हॉल, पीछे की ओर स्टेशन बिल्डिंग एयर कॉनकोर्स निर्माण, थ्रू रूफ, परिचलन क्षेत्र के कार्य शुरू कर दिए गए हैं।**
- **भुवनेश्वर स्टेशन: पूर्वी और पश्चिम दिशा की नई स्टेशन इमारत और एयर कॉनकोर्स के संरचनात्मक कार्य पूरे हो गए हैं। पूर्व एवं पश्चिम की ओर उत्थापित ड्राइववे, ऊपरी पैदल पुल के विस्तार और प्लेटफॉर्म शेल्टर का कार्य शुरु किया गया है। पूर्व और पश्चिम दिशा की ओर का स्टेशन भवन, एमईपी (यांत्रिक, बिजली एवं प्लंबिंग) का कार्य, एचवीएसी (तापन, वेंटिलेशन और एयर कंडिशनिंग) और एस्केलेटर्स के परिष्करण कार्य शुरू किए गए हैं।**

इसके अलावा, भारतीय रेल में रेलवे स्टेशनों का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण सतत और चलायमान प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्य सापेक्ष प्राथमिकता और धन की उपलब्धता के अध्यधीन आवश्यकता के अनुसार शुरू किए जाते हैं। रेलवे स्टेशनों के विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण कार्य स्टेशन की कोटि/दशा/संभाले जाने वाले यातायात आदि के आधार पर निष्पादित किए जाते हैं।

स्टेशनों का विकास/उन्नयन जटिल प्रकृति का होता है जिसमें यात्रियों और रेलगाड़ियों की संरक्षा शामिल होती है और इसके लिए दमकल विभाग, धरोहर, पेड़ों की कटाई, विमानपत्तन संबंधी स्वीकृति इत्यादि जैसी विभिन्न सांविधिक स्वीकृतियों की आवश्यकता होती है। इनकी प्रगति जनोपयोगी सेवाओं को स्थानांतरित करना, (जिनमें जल/सीवेज लाइन, ऑप्टिकल फाइबर केबल,

गैस पाइप लाइन, पावर/सिगनल केबल इत्यादि शामिल हैं), अतिलंघन, यात्री संचलन को बाधित किए बिना रेलगाड़ियों का परिचालन, रेलपथ एवं उच्च वोल्टेज बिजली लाइनों के निकट सान्निध्य में किए जाने वाले कार्यों के कारण गति प्रतिबंध आदि जैसी ब्राउन फील्ड संबंधी चुनौतियों के कारण भी प्रभावित होती है और ये कारक कार्य के समापन समय को प्रभावित करते हैं।

इसके अलावा, अमृत भारत स्टेशन योजना सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों के विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण का वित्तपोषण सामान्यतः योजना शीर्ष-53 'ग्राहक सुविधाएँ' के अंतर्गत किया जाता है। योजना शीर्ष-53 के अंतर्गत आबंटन और व्यय का ब्यौरा क्षेत्रीय रेल-वार रखा जाता है, न कि कार्य-वार या रेलवे स्टेशन-वार या राज्य-वार। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए योजना शीर्ष-53 के अंतर्गत 12,120 करोड़ रुपये का निधि आवंटन किया गया है और अभी तक, 11,892 करोड़ रुपये (फरवरी, 2026 तक) का व्यय उपगत किया गया है।

रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण
- वन संबंधी मंजूरी
- अतिलंघी जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक मंजूरियाँ
- क्षेत्र की भूविज्ञानी और स्थलाकृतिक स्थिति
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति
- विशिष्ट परियोजना स्थल के लिए वर्ष में कार्य करने वाले महीनों की संख्या आदि।

ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के समापन समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

******